facilities to Pakistan Government to help tle over the curr:nt food crisis in East Pakistan; and

(b) whether the Pakistan Government had asked for such facilities?

The Deputy Minister of Railways and Transport (Shri Alagesan): (a) The intention has been that in case the Government of Pakistan needed assistance in the matter of arranging relief of distress in East Pakistan, the Government of India would try and provide certain facilities for a limited period at the Calcutta port for handling their food imports.

(b) No, Sir.

भोजन-व्यवस्था

*१३८७. **श्री म० ना० सिंह** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को यह पता है कि भोजन-व्यवस्था करने वाले कुछ व्यक्ति, जिनके होटल स्टेशनों के नजदीक होते हैं, अपनी कैन्टीनों को इसलिये बुरी हालत में रखते हैं कि यात्री बाहर स्थित उनके होटलों की ओर आकर्षित हों ; और

(ख) यदि हां, तो क्या सरकार भोजन-व्यवस्था करने वाले ऐसे व्यक्तियों के विरुद्ध कोई कार्यवाही करना चाहती है ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) इस तरह के कोई मामले नोटिस में नहीं आये हैं ।

(ख) सवाल नहीं उठता ।

Indian Airlines Corporation

*1388. **Shri S. K. Razmi:** Will the Minister of **Communications** be pleased to state:

(a) whether it is a fact that the Delhi base of the Indian Airlines Corporation is equipped and fitted to keep in good flying condition only five Vikings;

(b) whether now it is proposed to overhaul twelve Vikings with the same equipment at the Delhi base;

(c) whether a number of these planes are grounded for lack of parts and paucity of technical staff; and

(d) if so, the remedy proposed?

The Minister in the Ministry of ommunications (Shri Raj Bahadur): C No.

(b) The overhaul of all Vikings is already being done at the Delhi base which has adequate staff and workshop equipment for the purpose.

(c) Only one Viking aircraft is grounded for want of major spares which are on order.

(d) Does not arise.

रेलवे का फाटक

*१३८९. **श्री प० ला० बारूपाल** : क्या रेलवे मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या यह सच है कि बीकानेर स्टेशन और लालगढ़ जंकशन के बीच रेलवे लाइन के पास एक दीवार बनाई जा रही है ;

(ख) क्या यह भी सच है कि उक्त दीवार के दोनों तरफ हजारों लोग रहते हैं और मुख्य रास्ते पर भी कोई क्रासिंग या फाटक नहीं है ।

(ग) क्या यह भी सच है कि मुसलमानों के ताजिया ले जाने का एक मुख्य रास्ता सरकार द्वारा निश्चित कर दिया गया है और दीवार बन जाने के कारण उस रास्ते को बदलना पड़ेगा जिसके परिणामस्वरूप सांप्रदायिक दंगे होने की संभावना है ; और

(घ) क्या सरकार ताजिया ले जाने के लिए उपरोक्त दीवार में कोई फाटक बनवाना चाहती है ?

रेलवे तथा परिवहन उपमंत्री (श्री अलगेशन) : (क) जी, हां ।

(ख) जी, नहीं । वहां चार सम-पार (level crossings) हैं जो उस क्षेत्र के लिए काफी हैं ।

(ग) तथा (घ). जी, नहीं । चार-दीवारी बन जाने के कारण ताज़ियों के जलूस का रास्ता नहीं बदलना पड़ेगा, क्योंकि रेलवे लाइन पार करने के लिए किसी एक सम-पार (level crossings) से होकर जाना जरूरी है ।